# पंजाबी पटियाला से सजी गरबे की रात

## गरबे में दिखी भोपाल और पंजाब की संस्कृति



नवभारत प्रतिनिधि
भोपाल, 25 सितंबर. श्रीजी गरबा महोत्सव का तीसरे दिन पंजाबी पटियाला, लंबी छोटी और जूती के साथ रंगारंग दिखा। महोत्सव में दिन व दिन दर्शकों और भागीदारों की संख्या बढ़ती जा रही है।

एक तरफ महिलाओं ने गुरुवार को रात शानदार पंजाबी परिधानों को पहनकर गरबा नृत्य किया। वहीं पुरुष भी डांडिया संग गानों में ताल मिलाते रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ 9 बजे पार्षद पप्पू यादव के आगमन पर किया गया। जिसके बाद पंजाबी पटियाला सूट में महिलाओं संग पुरुषों ने गुजराती गरबे की शान ही बढ़ा दी।





मैं अभी स्कूल में हूं और पहली बार ऐसे गरबा खेलने आई हूं। यहां का माहौल बहुत अच्छा है। गाने काफी अच्छे बज रहे हैं।
**उषा मोरे,** एमपी नगर



यहां की लाइटिंग मुझे बहुत अच्छी लगी। और यहां गरबा खेलने के लिए इतनी बड़ी जगह है कि आराम से छोटे बड़े ग्रुप में दोस्तों के साथ मजे से एंजॉय कर सकते हैं।
**यशिता विश्वास,** एमपीनगर



सबसे जरूरी तो सेल्फी प्वाइंट होता है। हम सबसे पहले ऐसी लगों पर जाके फोटो लेते हैं और यहां तो इतने सारे सेल्फी प्वाइंट है। मैं बहुत खुश हूं, यहां आके अच्छा लग रहा है।
**दीप्तिका पाटीकार,** एमपीनगर



मैं अभी स्कूल में पढ़ती हूं, मेरे घर से यह पास में है और यहां की तैयारी बहुत अच्छी है। एंजॉय करने के बाद हम अच्छे से फूड स्टॉल पर भी मनपसंद चीजें खा पा रहे हैं।
**सौम्या जैन,** अशोका गार्डन



मुझे जब पता चला कि गरबा का इतना अच्छा आयोजन हो रहा है। जहां सिक्योरिटी इतनी अच्छी है कि देर रात भी आकर गरबा खेलने में कोई समस्या नहीं ही तो मैने यहां आना पसंद किया।
**सीवी देव,** कोलार

# काल भैरवी मंदिर की झांकी आकर्षण का केंद्र

जूनियर रिपोर्टर

**भोपाल, 25 सितम्बर. कोटरा सुल्तानाबाद स्थित काल भैरवी मंदिर की झांकी इस वर्ष भी शहर की सबसे भव्य और सुंदर झांकियों में शामिल है. पिछले 26 वर्षों से यहां मां की प्रतिमा की स्थापना और झांकी का आयोजन लगातार होता आ रहा है.**

खास बात यह है कि इस आयोजन के पीछे कोई समिति नहीं होती, बल्कि भक्तजन अपनी श्रद्धा और भावनाओं से मिलकर मां की सेवा और झांकी की भव्यता में योगदान देते हैं. आयोजन के प्रबंधक आकाश ने बताया कि इस बार झांकी का अनुमानित खर्च लगभग 55 लाख रुपये है. झांकी का बाहरी ढांचा शिवाजी महाराज के किले जैसा बनाया गया है, जो दर्शकों को ऐतिहासिक गौरव की अनुभूति कराता है. किले के भीतर प्रवेश करते ही गुफा रूप दिखाई देता है. इसमें सबसे पहले शिव मंदिर, फिर गणेश मंदिर और उसके बाद समुद्र मंथन का जीवंत दृश्य प्रस्तुत किया गया है. इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए दो विकल्प रखे गए हैं एक ओर ग्लोब लाइट की सुंदरता तो दूसरी ओर डरावने हॉरर हाउस का अनुभव. हॉरर हाउस को बेहद रोमांचक और डरावना बनाया गया है. यहां से बाहर निकलते ही राधा-कृष्ण का सुंदर मंदिर दिखाई देता है. झांकी में आगे बढ़ते हुए भक्त मां भवानी के दिव्य दरबार में पहुंचते हैं, जहां मध्य प्रदेश की धार्मिक और प्राकृतिक सुंदरता को दर्शाया गया है.



इसमें भोजपुर मंदिर, महाकालेश्वर मंदिर सहित अनेक प्रसिद्ध स्थलों के दृश्य विशेष प्रकाश और धुएं के प्रभाव से और भी सुन्दर प्रतीत होते हैं. श्रद्धालुओं के लिए यहां खास सेल्फी पॉइंट भी बनाया गया है, जो युवाओं को आकर्षित कर रहा है.

## बरकतउल्ला विवि में रक्तदान शिविर का आयोजन

**भोपाल, 25 सितम्बर।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना, यूटीडी एवं यूआईटी इकाई भोपाल द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर रेड रिबन क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. एस.के. जैन, कुलगुरु बरकतउल्ला विवि, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अनंत कुमार सक्सेना, प्रो. नीरज गौर, प्रो. पवन मिश्रा एवं डॉ. रोहित राजवैद्य ने विद्यार्थियों को रक्तदान के लिए प्रेरित रक्तदान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए किया।

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में हुआ काव्यपाठ

**भोपाल.** बरकतउल्ला विश्व विद्यालय के क्षिप्रा सभागार में गुरुवार को काव्यपाठ एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। 3कार्यक्रम के संरक्षक विवि के कुलगुरु प्रो. एसके जैन रहे तथा संयोजन तुलनात्मक भाषा एवं संस्कृति विभागाध्यक्ष डॉ. अच्छेलाल द्वारा किया। संचालन युवा कवियत्री सुनीता पटेल ने किया। शुरुआत युवा कवि चित्रांश खरे की रचना से हुई, वहीं महावीर सिंह ने जीवन संघर्ष पर केंद्रित काव्य प्रस्तुत किया। डॉ. माया दुबे ने जीवन और मृत्यु पर दार्शनिक दृष्टि प्रस्तुत की, जबकि खुशबू श्रीवास्तव ने गांव और शहर के जीवन का अंतर कविता के माध्यम से सामने रखा। एमके सिंह ने समाज में व्याप्त तटस्थता पर अपनी कविता से प्रहार किया, गीतकार कैलाश मैश्राम ने हिंदी भाषा को केंद्र में रखते हुए रचना प्रस्तुत की। इसके अतिरिक्त प्रो. सुधीर शर्मा, मनीष बादल, प्रार्थना पंडित, पूनम नामदेव, मीना गोण्डे ने कविताओं से कार्यक्रम को समृद्ध किया। विभागाध्यक्ष डॉ. अच्छेलाल ने अतिथियों का आभार माना। आयोजन में प्रो. डॉ. रचना शाही, डॉ. राखी सोनी, डॉ. श्रुति अग्रवाल, डॉ. सौम्या तिवारी, डॉ. गुलाब चंद्र की अहम भूमिका रही।



# लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का स्वच्छता अभियान

जूनियर रिपोर्टर

**भोपाल, 25 सितम्बर. सेवा पखवाड़ा एवं स्वच्छता ही सेवा-2025 कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को विकासखंड फंदा के ग्राम बिलखिरिया कला में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा महाश्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

इस अवसर पर विभाग के कार्यपालन यंत्री एस.के. मालवीय ने स्वयं भाग लेते हुए ग्रामीणों को स्वच्छता एवं शुद्ध पेयजल के महत्व पर जागरूक किया . उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण और सुरक्षित पेयजल प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है तथा इससे न केवल स्वास्थ्य सुरक्षित रहता है बल्कि ग्राम की समग्र उन्नति भी सुनिश्चित होती है. कार्यक्रम के दौरान जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम में स्थापित ओवरहेड टैंक एवं उसके आसपास महाश्रमदान कर सफाई अभियान चलाया गया. विभागीय कर्मचारियों, पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे उत्साह के साथ सफाई कार्य किया.




ग्रामीणों ने इस अवसर पर यह संकल्प भी लिया कि वे नियमित रूप से अपने आस-पास की स्वच्छता का ध्यान रखेंगे और जल स्त्रोतों को प्रदूषित नहीं होने देंगे. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की इस पहल को ग्रामीणों ने सराहा और इसे जनभागीदारी के माध्यम से सतत स्वच्छता अभियान की दिशा में एक सार्थक प्रयास बताया.

## देहरादून में होगा 47वीं ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशंस कॉन्फ्रेंस

जूनियर रिपोर्टर

**भोपाल, 25 सितम्बर.** पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया की 47वीं ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशंस कॉन्फ्रेंस का आयोजन 13 से 15 दिसंबर तक देहरादून में किया जाएगा. इस वर्ष कॉन्फ्रेंस की थीम सशक्त विकास - मूल्यों के संरक्षण के साथ - जनसंपर्क का विजन 2047 रखी गई है. राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजीत पाठक एवं भोपाल चैप्टर अध्यक्ष मनोज द्विवेदी ने बताया कि तीन दिवसीय सम्मेलन में संस्कृति, जनसंपर्क, मीडिया स्किल डेवलपमेंट, एथिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आत्मनिर्भर भारत और प्रतिष्ठा प्रबंधन जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी.

## एमवीएम, एनसीसी कैडेटस ने राष्ट्रीय शिविरों में फहराया परचम

**भोपाल, 25 सितम्बर.** शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय (1 एमपी नेवल यूनिट एनसीसी) के कुल 6 कैडेटों ने विभिन्न राष्ट्रीय शिविरों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अखिल भारतीय स्तर पर 2 स्थान प्राप्त किए। इनमें से 2 कैडेटों का चयन अखिल भारतीय नौसेना शिविर के लिए हुआ था, जो लोनावला स्थित नौसैनिक अड्डा आईएनएस शिवाजी पर आयोजित किया गया था। इसमें एमपी एंड सीजी डायरेक्टोरेट के कैडेटों ने 17 डीटीई में से दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार महाविद्यालय के चार नौ सेना एन.सी. सी. कैडेटों का चयन ओडिशा स्थित नौसैनिक अड्डा आईएनएस चिल्का पर आयोजित अखिल भारतीय नौकायन रेगाटा शिविर के लिए हुआ। इस आयोजन में भी एमपी एंड सीजी डीटीई ने 17 में से दूसरा स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के एन.सी. सी.अधिकारी, डॉ सब लैफ्टिनेंट संतोष अम्भोरे, डॉ सब लैफ्टिनेंट पूजा गुप्ता एवं पूर्व एन.सी. सी. अधिकारी मेजर महेश दूबे ने कैडेट्स को अनेक बधाई दी और उनके आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं । प्राचार्य डॉ. गीता मोदी ने भी कैडेट्स का उत्साह बढ़ाया और उन्हें इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं ।





